पंजाब केसरी 17/12/2024

जी.एम.एन. कालेज ने जीती फुटबॉल चैम्पियनशिप, इंटर-यूनिवर्सिटी के लिए 7 खिलाड़ी चयनित

अम्बाला, 16 दिसम्बर (बलराम): कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के खेल परिषद द्वारा आयोजित इंटर-कॉलेज फुटबॉल पुरुष चैम्पियनशिप 2024-25 में अम्बाला छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल करके ट्रॉफी पर कब्जा किया। इसके साथ ही इंटर-यूनिवर्सिटी चैम्पियनशिप के लिए जी.एम.एन. कॉलेज के 7 खिलाड़ी चुने गए।

कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने पूरी टीम और खेल विभाग के प्रमुख ब्रजेश कुमार को इस सफलता पर बधाई देते हुए बताया कि जी.एम.एन. कॉलेज की टीम ने इन मैचों में अपनी ताकत और कौशल का प्रदर्शन करते हुए एस.डी. कॉलेज को 6-1 के बड़े

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इंटर-कॉलेज फुटबॉल पुरुष चैम्पियनशिप 2024-25 जीतने वाली अम्बाला छावनी के जी.एम.एन. कॉलेज की टीम।

अंतर से हराया। इसके बाद उन्होंने आई.आई.एच.एस. कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की टीम को 7-0 से पराजित किया।

वहीं, गुरुनानक खालसा कॉलेज यमुनानगर को 2-0 से हराकर उन्होंने अपनी जीत की लय को बरकरार रखा। सभी मैच जीतकर जी.एम.एन. कॉलेज ने चैम्पियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन मैचों के आधार पर जी.एम.एन. कॉलेज के सात खिलाड़ियों का चयन इंटर-यूनिवर्सिटी फुटबॉल चैम्पियनशिप के लिए किया गया।

डा. रोहित दत्त ने कहा कि यह उपलब्धि कॉलेज के खेल विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है और भविष्य में भी हमारे खिलाड़ी इसी तरह से शानदार प्रदर्शन करेंगे। इस उपलब्धि पर कॉलेज परिवार में हर्ष का माहौल है और सभी छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। खेल विभाग के प्रमुख ब्रजेश कुमार ने बताया कि यह उपलब्धि छात्रों की कड़ी मेहनत और उत्कृष्ट खेल कौशल का परिणाम है। उन्होंने कहा कि उनके कॉलेज के छात्रों ने कॉलेज का नाम रोशन किया है।